DATE

425. हिमाचल दस्तक :- 426. पंजाब केसरी :-

10/02/2026 10/02/2026

## केंद्रीय बजट पर बतरा कॉलेज में सेमिनार आयोजित

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में सोमवार को बीबीए विभाग के सौजन्य से एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें बीबीए विभाग के बच्चों ने पोस्ट प्रस्तुति, नारा लेखन एवं पीपीटी के माध्यम से अपने-अपने विचार साझा किए। बच्चों ने पिछले वर्ष के बजट के तुलनात्मक इस बजट के विभिन्न क्षेत्रों पर पड़ने वाले प्रभावों पर अपने विचार साझा किए, जिसमें कृषि क्षेत्र, लघु उपक्रम, जीएसटी, शिक्षा, ऑटोमोबाइल, शेयर बाजार आदि क्षेत्र पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने बच्चों के इस तरह के कार्यक्रमों के लिए सभी विभागीय स्टाफ एवं को-ऑर्डिनेटर का धन्यवाद किया। उन्होंने बजट चर्चा पर बच्चों संग वाद विवाद में हिस्सा लिया। को-ऑर्डिनेटर डॉ. साहिल महाजन ने सेमिनार के अंत में बजट की कुछ तकनीकी शब्दावली पर बच्चों संग विस्तृत चर्चा की। उन्होंने महाविद्यालय प्रधानाचार्य का इस तरह के आयोजनों में अपना पूर्णतम सहयोग, प्रेरणा तथा आशावादी दृष्टिकोण के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। इस अवसर पर डॉ. अजय ठाकुर, डॉ. अनुपमा डोगरा, डॉ. राजीव भूरिया, अनीता राणा, दीप्ति सूद, प्रियंका चित्रा एवं सुरेश उपस्थित रहे।

## केंद्रीय बजट पर बत्रा कॉलेज में सैमीनार आयोजित

पालमपुर, 9 फरवरी (भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में आज बी.बी.ए. विभाग के सौजन्य से एकदिवसीय सैमीनार का आयोजन किया गया। जिसमें बी.बी.ए. विभाग के बच्चों ने पोस्ट प्रस्तुति, नारा लेखन एवं पी.पी.टी. के माध्यम से अपने-अपने विचार सांझा किए। बच्चों ने पिछले वर्ष के बजट के तुलनात्मक इस बजट के विभिन्न क्षेत्रों पर पड़ने वाले प्रभावों पर अपने विचार सांझा किए।

जिसमें कृषि क्षेत्र, लघु उपक्रम, जी.एस.टी., शिक्षा, ऑटोमोबाइल, शेयर बाजार आदि क्षेत्र पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफैसर पंकज सूद ने बच्चों के इस तरह के कार्यक्रमों के लिए सभी विभागीय स्टाफ एवं को-ऑर्डीनेटर का धन्यवाद किया। को-ऑर्डीनेटर डॉ. साहिल महाजन ने सैमीनार के अंत में बजट की कुछ तकनीकी शब्दावली पर बच्चों संग विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर डॉक्टर अजय ठाकुर, डॉक्टर अनुपमा डोगरा, डॉक्टर राजीव भूरिया, अनीता राणा, दीप्ति सूद, प्रियंका चित्रा एवं सुरेश उपस्थित रहे।



पालमपुर : केंद्रीय बजट पर बत्रा कॉलेज में आयोजित सैमीनार के प्रतिभागी। (भृगु)

Scanned with OKEN Scanner

हिमाचल दस्तक ।

14/02/2026

431. दैनिक जागरण ।

14/02/2026

## बीसीए छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

पालमपुर। राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में शुक्रवार को बीसीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 45 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन गौरव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को फ्रंट-एंड, बैक-एंड, रिएक्ट जेएस और जावा स्क्रिप्ट जैसी आधुनिक तकनीकों के बारे में बताया जाएगा। साथ ही वे प्रशिक्षण अवधि में विभिन्न प्रोजेक्ट भी तैयार करेंगे, जिससे उनकी व्यावहारिक समझ मजबूत होगी। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में बताया। उपप्राचार्या प्रो. कल्पना ऋषि ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर बीसीए समन्वयक डॉ. दिवाकर, प्रो. स्वाति सूद, प्रो. महक मेहरा, प्रो. दिशा, प्रो. निधि तथा प्रो. सीतिका उपस्थित रहे।

## बतरा कालेज में एआइ का महत्व बताया

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में बीसीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 45 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को आरंभ हुआ। रिसोर्सपर्सन गौरव ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें फ्रंट-एंड, बैक-एंड, रिएक्ट जेएस और जावा स्क्रिप्ट जैसी आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। वे विभिन्न प्रोजेक्ट भी तैयार करेंगे, जिससे उनकी व्यावहारिक समझ में वृद्धि होगी। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व के बारे में बताया।

16/02/2026

इंटेलिजेंस के बारे में बताया।

# शहीद कैप्टन विक्रम बतरा कॉलेज पालमपुर में रोजगार मेला कल

हिमाचल दस्तक ■ पालमपुर

शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में 17 फरवरी को प्रातः 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और योग्य विद्यार्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से करेंगी। यह आयोजन प्राचार्य प्रो. पंकज सूद की अध्यक्षता में महाविद्यालय के करियर काउंसलिंग गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल की संयोजिका डॉ. शैलजा वासुदेवा वह अन्य टीम सदस्यों के सौजन्य से करवाया जा रहा है। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का अवसर प्रदान करना है। इस रोजगार मेले में 27 कंपनियां दिल्ली, नोएडा, चंडीगढ़, मोहाली, गुड़गांव, हिमाचल प्रदेश (धर्मशाला, बद्दी, घुमारवीं, शिमला, पालमपुर, हमीरपुर) से भाग ले रही हैं। इसमें राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के विद्यार्थियों के अलावा क्लस्टर में जुड़े महाविद्यालय नौरा, शिवनगर, जयसिंहपुर, थुरल, बैजनाथ के विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा 2025 जून में पास आउट हुए राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के विद्यार्थियों को भी इसमें आमंत्रित किया जा रहा है। इच्छुक विद्यार्थी अपने साथ आधार कार्ड, बायोडाटा, पासपोर्ट साइज फोटो एवं आवश्यक शैक्षणिक प्रमाणपत्र तथा उन की प्रतियां लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित हो।

दैनिक जागरण : - 16/02/26

435.

# कैप्टन विक्रम बतरा कालेज पालमपुर में रोजगार मेला कल

जागरण संवाद केंद्र, पालमपुर : कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में 17 फरवरी को सुबह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।




मेले में प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और योग्य विद्यार्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से करेंगी। आयोजन प्राचार्य प्रो. पंकज सूद की अध्यक्षता में कालेज के करियर काउंसलिंग गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल की संयोजिका डा. शैलजा वासुदेवा एवं अन्य टीम सदस्यों के सहयोग से किया जा रहा है। प्रो. पंकज सूद ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का अवसर प्रदान करना है।

Scanned with OKEN Scanner

दिव्य हिमाचल :- 17/02/26

# बिक्रम बतरा कालेज पालमपुर में रोजगार मेला आज, नामी कंपनियां लेंगी साक्षात्कार

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो- पालमपुर**

शहीद कैप्टन बिक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में 17 फरवरी 2026 को प्रातः 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और योग्य विद्यार्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से करेंगी। यह आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद की अध्यक्षता में महाविद्यालय के करियर काउंसिलिंग गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल की संयोजिका डा. शैलजा वासुदेवा वह अन्य टीम सदस्यों के सौजन्य से करवाया जा रहा है। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को अवसर प्रदान करना है। इस रोजगार मेले में 27 कंपनियां दिल्ली, नोएडा, चंडीगढ़, मोहाली, गुड़गांव, धर्मशाला, बद्दी, घुमारवीं, शिमला, पालमपुर व हमीरपुर से भाग ले रही हैं। इसमें राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के विद्यार्थियों के अलावा क्लस्टर में जुड़े महाविद्यालय नौरा, शिवनगर, जयसिंहपुर, थुरल व बैजनाथ के विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा 2025 जून में पासआउट हुए राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के विद्यार्थियों को भी इसमें आमंत्रित किया जा रहा है। इच्छुक विद्यार्थी अपने साथ आधार कार्ड, बायोडाटा, पासपोर्ट साइज फोटो एवं आवश्यक शैक्षणिक प्रमाण पत्र तथा उन की प्रतियां लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित हो।

Scanned with OKEN Scanner

# 184 छात्रों को मिली नौकरी

## बतरा कालेज में रोजगार मेले के साक्षात्कार में 520 छात्रों ने आजमाई किस्मत

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो– पालमपुर**

शहीद कैप्टन बिक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय में करियर काउंसिलिंग गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल के द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का शुभारंभ नगर निगम कमिश्नर नेत्रा मेती ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। ऐसे अवसरों का पूरा लाभ उठाना चाहिए। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्ता




पालमपुर : रोजगार मेले के बाद सामूहिक चित्र में छात्र

शिक्षा के साथ-साथ बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है । जॉब फेयर की संयोजिका डाक्टर शैलजा वासुदेवा ने जानकारी साझा करते हुए यह कहा कि 27 कंपनियों की भागीदारी हमारे संस्थान की विश्वसनीयता और विद्यार्थियों की प्रतिभा का प्रमाण है। इस रोजगार मेले में पीटीडब्ल्यू लिमिटेड, डिमांड सेतु टूअर्ज, हिमालयन हर्बर्स एंड प्रोडक्ट्स, रिसर्च ऐड इंस्ट्रूमेंट एंड सर्विस बद्दी, रिसर्च ऐड इंस्ट्रूमेंट्स एंड सर्विस पालमपुर, एचसीएल टेक, विजन प्लस, एचडीबी फाइनांस, थियोन फार्मा और नील मेटल आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के अलावा क्लस्टर में जुड़े महाविद्यालय नौरा, बैजनाथ, शिवनगर, जयसिंहपुर तथा थुरल के विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया। 520 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार दिया, जिसमें से शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय के 150 विद्यार्थ चयनित हुए । क्लस्टर से आ महाविद्यालय के 34 विद्यार्थ चयनित हुए। इस रोजगार मेले क ऐम्स अकैडमी पालमपुर, चंडीग आईएएस अकैडमी, बुड्ढा मल ए सन्स, लर्निंग लॉकस, गोयल बुक डिपो एकांशी, वेव्स, एक्सीलें टैक्नोलॉजी, सिद्धि इंफोनेट ड्रीमेशन रिजॉर्ट्स, आकाश बुक्स भगत राम एंड सन्स, मॉड पब्लिशर्स एवं आदर्श बेकरी न स्पांसर किया। जॉब फेयर वे सहसंयोजक प्रोफेसर विवेक चौधरी ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापि किया। मंच संचालन डा. मीनाक्षी ठाकुर और प्रोफेसर अतुल चौधरी ने किया।

Scanned with OKEN Scanner

447 दैनिक जागरण !
22/02/2026



विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले पालमपुर कालेज के विद्यार्थी • सौ. कालेज

# तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में साक्षी ने पाया दूसरा स्थान

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में आयोजित एक्सेल्सियर प्रोग्राम में बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय के बीबीए के विद्यार्थियों ने प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में कालेज की साक्षी ने दूसरा स्थान हासिल कर महाविद्यालय सहित पालमपुर का नाम रोशन किया है। भाषण प्रतियोगिता में रिया ने तीसरा और क्विज टीम को भी तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। अन्य प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने विद्यार्थियों को बधाई दी तथा शानदार प्रदर्शन और प्रतिभागिता की सराहना की। प्राचार्य ने बीबीए संकाय के समन्वयक डा. साहिल महाजन और स्टाफ की प्रशंसा की।

Scanned with OKEN Scanner

पंजाब केसरी :- 24/02/2026

# विज्ञान केंद्र में विद्यार्थियों ने सीखे कृत्रिम बुद्धिमत्ता के आधुनिक आयाम

पालमपुर, 23 फरवरी (भृगु) : पालमपुर विज्ञान केंद्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम जनमानस के बीच कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे समसामयिक एवं महत्वपूर्ण विषय को रेखांकित करना तथा उसके विभिन्न आयामों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में पालमपुर व इसके आसपास से शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर, श्री साई विश्वविद्यालय पालमपुर, के.एल.बी.डी.ए.वी. महाविद्यालय पालमपुर एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खनियारा खास के 108 विद्यार्थियों एवं 9 अध्यापकों व सहायक प्राध्यापकों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्र के संग्रहाध्यक्ष राम स्वरूप द्वारा स्वागत संबोधन के साथ किया गया। विद्यार्थियों को जानकारी के सत्यापन एवं आलोचनात्मक सोच के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में संग्रहाध्यक्ष राम स्वरूप ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता वर्तमान में प्रासंगिकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए इसके विवेकपूर्ण एवं नैतिक उपयोग द्वारा समाज के विकास में रचनात्मक उपयोग की आवश्यकता को रेखांकित किया।

पाल
पाल
की इ
का 3
जनम
रेखां
कार्य
राजव
डीएवी
खनि
प्रतिभ
स्वाग

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक जागरण :-

(454.) 28/02/2026

# शिवम, रानी व प्रिया चुने सर्वश्रेष्ठ धावक

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में शुक्रवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता करवाई गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्य प्रो पंकज सूद ने शिरकत की। प्रतियोगिता में कालेज के 1000 विद्यार्थियों व खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर ,400 मीटर, 800 मीटर दौड़, चार सौ मीटर रिले दौड़, शार्ट पुट, डिसकस थ्रो, जेवलिन थ्रो, ऊंची कूद, लंबी कूद आदि प्रतियोगिताएं करवाई गई। बीए प्रथम वर्ष के शिवम और एमए हिंदी स्नातकोत्तर की रानी व बीए तृतीय वर्ष की प्रिया को सत्र 2025-2026 का बेस्ट एथलीट चुना गया। (संस)

PAGE

455. पंजाब केसरी :- 456.
28/02/2026

# बतरा महाविद्यालय में ई-पुस्तकालय का शुभारंभ

पालमपुर, 27 फरवरी (भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय में ई-पुस्तकालय का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा के इस दौर में डिजिटल संसाधनों का महत्व लगातार बढ़ रहा है। ई-पुस्तकालय के माध्यम से विद्यार्थियों को अब टैबलेट द्वारा ई-बुक्स, मैगजीन एवं अन्य सामग्री पढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने इसे विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। पुस्तकालय अध्यक्ष महेश सूद ने बताया कि ई-पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की सैंकड़ों ई-पुस्तकें और पत्रिकाएं उपलब्ध करवाई गई हैं, जिन्हें विद्यार्थी निर्धारित समय में उपयोग कर सकेंगे। इस अवसर पर शिक्षक, गैर-शिक्षक वर्ग एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner

DATE

हिमाचल दस्तक :-
28/02/2026

# बतरा कॉलेज में ई-पुस्तकालय का शुभारंभ

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय में ई-पुस्तकालय का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. पंकज सूद द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा के इस दौर में डिजिटल संसाधनों का महत्व लगातार बढ़ रहा है। ई-पुस्तकालय के माध्यम से विद्यार्थियों को अब टैबलेट द्वारा ई-बुक्स, मैगजीन एवं अन्य सामग्री पढ़ने का अवसर मिलेगा। इसे विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। पुस्तकालय अध्यक्ष महेश सूद ने बताया कि ई-पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की सैकड़ों ई- पुस्तकें और पत्रिकाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिन्हें विद्यार्थी निर्धारित समय में उपयोग कर सकेंगे।

Scanned with OKEN Scanner